हिंदी विभाग
विश्वभारती, शांतिनिकेतन
पश्चिम बंगाल - 731235

# एन.ई.पी. आधारित
# चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (एफ.वाई.यू.जी.पी.)
कोर्स कोड : BA108

पाठ्यक्रम विवरणिका
(शैक्षणिक सत्र : जुलाई, 2025 से आरंभ)

**प्रस्तावना:** एन.ई.पी. (NEP) आधारित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (एफ.वाई.यू.जी.पी./````FYUGP) एक व्यापक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्नातक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य छात्रों की हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति की समझ को गहराई प्रदान करना तथा उन्हें गहन अध्ययन और अनुसंधान के लिए प्रेरित करना है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ऐसे विवेकशील, संवेदनशील और आलोचनात्मक दृष्टिकोण से युक्त व्यक्तित्व की आवश्यकता है, जो समाज में व्याप्त नकारात्मक प्रवृत्तियों के विरुद्ध समानता, न्याय और बंधुत्व की भावना को सशक्त बना सके। साहित्य का अध्ययन न केवल मानवीय चेतना का विस्तार करता है, बल्कि उसमें निहित मूल्यों के माध्यम से मानवीयता और नैतिकता की दृढ़ स्थापना भी करता है। इस पाठ्यक्रम में भाषा, आलोचना और सिद्धांतों का अध्ययन जहाँ एक ओर छात्रों को विचारधारात्मक गहराई प्रदान करता है, वहीं दूसरी ओर कविता, कहानी, नाटक और निबंध जैसे रचनात्मक विधाओं का अध्ययन उनकी व्यावहारिक समझ और अभिव्यक्ति क्षमता को सशक्त बनाता है। स्नातक हिंदी का यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों ही स्तरों पर सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित वैकल्पिक विषयों की व्यवस्था छात्रों को अपनी रुचियों और अनुसंधान की प्रवृत्तियों के अनुसार विषय चयन की स्वतंत्रता प्रदान करती है।

**उद्देश्य(Objectives)** इस पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य कक्षा 12 वीं के पश्चात विद्यार्थियों को हिंदी विषय के गहन अध्ययन के लिए प्रेरित करना है। पाठ्यक्रम कुल आठ सेमेस्टरों में विभाजित है। चौथे सेमेस्टर में विद्यार्थियों को वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के चयन की सुविधा प्रदान की गयी है, जिनमें कुछ पाठ्यक्रम अंतःविषय (interdisciplinary) दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक हो सकते हैं। साथ ही, इंटर्नशिप को सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य किया गया है, जो शोध की प्रारंभिक समझ विकसित करने और आगे की शैक्षणिक यात्रा का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक हो सकता है। पाठ्यक्रम का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य भाषा और समाज के परस्पर जटिल संबंधों की पहचान करना है, जिससे विद्यार्थी देश, समाज और विश्व के व्यापक सरोकारों से जुड़ सकें। इसके माध्यम से उनके भाषा-कौशल, लेखन क्षमता और संप्रेषण दक्षता का भी सर्वांगीण विकास संभव हो सकता है। पाठ्यक्रम में भाषा विज्ञान, हिंदी साहित्य, भारतीय ज्ञान परम्परा, भारतीय साहित्य तथा प्रयोजनमूलक भाषा विज्ञान जैसे विषयों का समावेश किया गया है, जो विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षितिज का विस्तार करते हुए उन्हें समग्र दृष्टि प्रदान करने में सहायक होंगे।

**परिणाम(Outcomes)** इस पाठ के अध्ययन एवं शिक्षण के परिणामस्वरूप निम्न प्रमुख बिंदु सामने आते हैं:

1. हिंदी भाषा की मूलभूत समझ- इस पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को हिंदी भाषा की प्रकृति, ध्वन्यात्मकता तथा संरचना के वैज्ञानिक पक्षों की सुस्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी।
2. भाषा की व्यावहारिक दक्षता- भाषा के व्यावहारिक पक्ष का ज्ञान प्राप्त कर छात्र प्रभावी संप्रेषण कौशल विकसित कर सकेंगे।
3. शोध एवं अध्ययन की दिशा में उन्मुखता- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी की भूमिका को समझते हुए छात्र इसे शोध और अध्ययन के प्रभावी माध्यम के रूप में ग्रहण कर सकेंगे।
4. सांस्कृतिक बोध और व्यक्तित्व विकास- हिंदी के साथ-साथ भारतीय साहित्य का अध्ययन छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता और व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।
5. मूल्य-बोध का विकास- साहित्य के अध्ययन से नैतिकता, सामाजिक समरसता, न्याय एवं संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों की समझ विकसित होगी।
6. आलोचनात्मक दृष्टिकोण का विकास- साहित्यिक विषयवस्तु पर सहमति-असहमति की विवेकशील दृष्टि विकसित होगी, जिससे वैचारिक स्पष्टता आएगी।

7. ऐतिहासिक और समकालीन साहित्य का मूल्यांकन- साहित्य को प्राचीन से समकालीन संदर्भों में समझने की क्षमता विकसित होगी, जिससे युगबोध और साहित्य के महत्व का विश्लेषण संभव होगा।

**शिक्षण-प्रशिक्षण विधियाँ:** इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षण प्रक्रिया में कक्षा-व्याख्यान, समूह-चर्चा, विषय-आधारित सेमिनार, वाद-विवाद, लिखित परीक्षाएँ तथा अन्य शिक्षण-अभ्यासात्मक गतिविधियाँ सम्मिलित की जाएंगी, जिससे अध्ययन अनुभव अधिक प्रभावशाली और समृद्ध बन सके।

**पाठ्यक्रम विवरणिका: यह पाठ्यक्रम वर्ष 2025 के प्रथम सेमेस्टर से लागू किया जाएगा। पाठ्यक्रम की संरचना, प्रश्नपत्रों के प्रारूप तथा अंक-विभाजन में आवश्यक एवं उपयुक्त संशोधन किए गए हैं। इसके साथ ही, प्रस्तावित पुस्तकों की सूची को भी अद्यतन किया गया है। स्नातक हिंदी का यह पाठ्यक्रम एक चार वर्षीय कार्यक्रम है, जिसे आठ भागों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक भाग में दो-दो सेमेस्टर होंगे।**

## परीक्षा संरचना एवं अंक-विभाजन

MAJOR, MINOR, MULTIDICIPLINARY, RESEARCH COURSE
(मेजर, माइनर, मल्टीडिसिप्लीनरी और रिसर्च कोर्स )
कुल अंक : 100
आंतरिक मूल्यांकन : 20 अंक
मुख्य परीक्षा : 80 अंक
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3×16) : 48 अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न (4×8) : 32 अंक
मुख्य परीक्षा की अवधि : 3 घंटे

SEC (एस.ई.सी.)
कुल अंक : 75
आंतरिक मूल्यांकन : 15 अंक
मुख्य परीक्षा : 60 अंक
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3×12) : 36 अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न (3×8) : 24 अंक
मुख्य परीक्षा की अवधि : 3 घंटे

AEC MIL – HINDI (एस.ई.सी.)
कुल अंक : 50
आंतरिक मूल्यांकन : 10 अंक
मुख्य परीक्षा : 40 अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न (4×5) : 20 अंक
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2×10) : 20 अंक
मुख्य परीक्षा की अवधि : 2 घंटे

**मेजर हिंदी ( MAJOR HINDI ) :** मेजर हिंदी स्नातक हिंदी पाठ्यक्रम का चयन करने वाले विद्यार्थियों को एमजेएचडी (MJHD) के चार वर्षों के दौरान आठ अलग अलग सत्रों में 21 (21x4 = 84) पत्रों का अध्ययन करना होगा जिसका उल्लेख पाठ्यक्रम विवरण में किया गया है।

**एसइसी हिंदी ( SKILL ENHENCMENT COURSE HINDI ) :** इसके साथ हिंदी मेजर के विद्यार्थियों को एसइसीएचडी (SECHD) के 3 (3x3=9) पत्र प्रस्तावित किया गया है, जो प्रथम तीन सत्रों में पूर्ण किये जायेंगे।

**माइनर हिंदी ( MINOR HINDI ) :** एमएनएचडी (MNHD) के 4 पत्र हिंदी पाठ्यक्रम में हिंदी मेजर के इतर विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित है। जबकि हिंदी मेजर के विद्यार्थियों को माइनर पेपर के रूप में हिंदी से इतर अन्य दो अलग-अलग विषयों (4x4= 16 & 4x4=16) का चयन कर अध्ययन करना होगा।

**मल्टीडिसिप्लिनरी हिंदी (MULTIDICIPLINARY HINDI ) :** एमडीएचडी (MDHD) के 3 (3x3=9) पेपर मेजर हिंदी से इतर विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित है जबकि हिंदी मेजर के विद्यार्थी हिंदी से इतर मल्टीडिसिप्लिनरी पेपर का चयन कर अध्यन करेंगे। ये पेपर प्रथम तीन सत्रों में पूर्ण किये जायेंगे।

**रिसर्च कोर्स हिंदी (RESEARCH COURSE ) :** मेजर हिंदी के विद्यार्थियों को आरसीएचडी (RCHD) पात्र के अंतर्गत सप्तम सत्र में शोध प्रविधि (RCHD-1) और अष्टम सत्र में (RCHD- 2 और RCHD- 3 ) का अध्ययन करना होगा।

**ए.इ.सी.सी ( एम आई एल : हिंदी ) :** इसके दो पत्रों (2X2=4) में से एक प्रथम वर्ष के किसी एक सत्र में और दूसरे को द्वितीय वर्ष के किसी एक सत्र में पूर्ण करना होगा। इसके अतिरिक्त अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं में से किसी एक भाषा के दो पत्रों (2X2=4) का अध्ययन करना होगा।

**वी.ए.सी. (VAC) :** इसके अंतर्गत प्रथम वर्ष के दो सत्रों में रवीन्द्र अध्ययन (Tagore Studies) (3X2=6) और तृतीय सत्र में ईवीएस (EVS) का अध्ययन करना होगा।

**इंटर्नशिप :** यह एक 4 क्रेडिट 120 घंटे का कोर्स है, जो चार वर्ष के पाठ्यक्रम के दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ वर्ष में से किसी एक वर्ष के अंत में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना चाहिए।

## पाठ्यक्रम विवरण

| पत्र संख्या | पत्र कोड | शीर्षक | क्रेडिट | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| | | **मेजर** | | |
| 1 | MJHD-1 | हिंदी साहित्य का इतिहास: आदिकाल से रीतिकाल | 4 | 1 |
| 2 | MJHD-2 | मध्यकालीन कविता -1 | 4 | 1 |
| 3 | MJHD-3 | हिंदी साहित्य का इतिहास: आधुनिककाल | 4 | 2 |
| 4 | MJHD-4 | आधुनिक हिंदी कविता-1 | 4 | 2 |
| 5 | MJHD-5 | आधुनिक हिंदी कविता-2 | 4 | 3 |
| 6 | MJHD-6 | भारतीय काव्यशास्त्र | 4 | 3 |
| 7 | MJHD-7 | हिंदी कहानी | 4 | 4 |
| 8 | MJHD-8 | हिंदी भाषा एवं लिपि | 4 | 4 |
| 9 | MJHD-9 | हिंदी उपन्यास | 4 | 4 |
| 10 | MJHD-10 | हिंदी निबंध | 4 | 4 |
| 11 | MJHD-11 | पाश्चात्य काव्यशास्त्र | 4 | 5 |
| 12 | MJHD-12 | हिंदी नाटक | 4 | 5 |
| 13 | MJHD-13 | हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता | 4 | 5 |
| 14 | MJHD-14 | प्रयोजनमूलक हिंदी | 4 | 6 |
| 15 | MJHD-15 | मध्यकालीन कविता- 2 | 4 | 6 |
| 16 | MJHD-16 | अस्मितामूलक विमर्श | 4 | 6 |
| 17 | MJHD-17 | भाषा विज्ञान | 4 | 7 |
| 18 | MJHD-18 | आधुनिक भारतीय साहित्य | 4 | 7 |
| 19 | MJHD-19 | कथेतर गद्य साहित्य | 4 | 7 |
| 20 | MJHD-20 | समकालीन कविता | 4 | 8 |
| 21 | MJHD-21 | लोक साहित्य और संस्कृति | 4 | 8 |
| | | **माइनर** | | |
| 1 | MNHD-1 | हिंदी की राष्ट्रीय काव्यधरा | 4 | 1 & 2 |
| 2 | MNHD-2 | आदिकालीन एवं निर्गुण काव्य | 4 | 3 & 4 |
| 3 | MNHD-3 | कथा साहित्य | 4 | 5 & 6 |
| 4 | MNHD-4 | हिंदी नाटक और एकांकी | 4 | 7 & 8 |
| | | **स्किल एन्हांसमेंट कोर्स** | | |
| 1 | SECHD-1 | संपादन प्रक्रिया और साज-सज्जा | 3 | 1 |
| 2 | SECHD-2 | हिंदी साहित्य और सिनेमा | 3 | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | SECHD-3 | सृजनात्मक लेखन के विविध क्षेत्र | 3 | 3 |
| | | **मल्टीडिसिप्लिनरी** | | |
| 1 | MDHD-1 | साहित्य की विधाएं | 3 | 1 |
| 2 | MDHD-2 | अनुवाद सिद्धांत और व्यवहार | 3 | 2 |
| 3 | MDHD-3 | पर्यावरण और साहित्य | 3 | 3 |
| | | **रिसर्च कोर्स** | | |
| 1 | RCHD-1 | शोध-प्रविधि | 4 | 7 |
| 2 | RCHD-2 | मध्यकालीन हिंदी कविता | 4 | 8 |
| 2 | RCHD-2 | आधुनिक हिंदी कविता | 4 | 8 |
| 2 | RCHD-2 | हिंदी कथा साहित्य | 4 | 8 |
| 3 | RCHD-3 | शोध आलेख और पुस्तक समीक्षा | 4 | 8 |
| | | **ए.इ.सी. ( एम आई एल : हिंदी )** | | |
| 1 | AECHD-1 | हिंदी व्याकरण और रचना | **2** | **1** |
| 2 | AECHD-2 | हिंदी भाषा और सम्प्रेषण | **2** | **3** |
| | | **इंटर्नशिप** | **4** | **2/4/6/8** |

# MAJOR
## PAPER (पत्र) – 1
## बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 1 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) साहित्य का इतिहास लेखन, उसकी आवश्यकता एवं उपयोगिता को समझ सकेंगे (ख) साहित्य के विकास एवं परिवर्तन प्रक्रिया को जानेंगे। हिंदी साहित्य इतिहास के विभिन्न कालखंडों की विशेषताओं से परिचित हो सकेंगे। **विशेष** - अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र देश-विदेश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी साहित्य का इतिहास : आदिकाल, मध्यकाल )

पाठ्यविषय :-

1. (क) साहित्य के इतिहास की अवधारणा, हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा, काल विभाजन, नामकरण।
   (ख ) आदिकाल : परिस्थितियाँ, नामकरण, प्रवृतियाँ एवं साहित्यिक परिचय।
2. भक्तिकाल : परिस्थितियाँ, निर्गुण काव्यधारा, ज्ञानमार्गी काव्यधारा एवं प्रेममार्गी काव्यधारा की प्रवृत्तियाँ।
3. भक्तिकाल : सगुण काव्यधारा - कृष्ण काव्यधारा एवं राम काव्यधारा की प्रवृत्तियाँ।
4. रीतिकाल : परिस्थितियाँ, नामकरण, काव्यधाराएँ एवं प्रवृत्तियाँ।

**( कवि - परिचय से सम्बद्ध प्रश्न नहीं पूछे जाएँगे )।**

संदर्भ ग्रंथ :

1. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
2. हिंदी साहित्य की भूमिका, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
3. हिंदी साहित्य का उद्भव और विकास, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
4. हिंदी साहित्य का आदिकाल, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना।
5. हिंदी साहित्य का अतीत (भाग - 1 और 2), विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
6. हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली।
7. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास, बच्चन सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
8. हिंदी साहित्य का आधा इतिहास, सुमन राजे, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
9. हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास (खण्ड - 1 और 2 ), गणपतिचन्द्र गुप्त,लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
10. हिंदी साहित्य का अलोचनात्मक इतिहास, रामकुमार वर्मा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

# MAJOR

## PAPER (पत्र) – 2

## बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 1 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) भक्तिकाल के महत्त्वपूर्ण कवियों की कविताओं की अंतर्वस्तु और शिल्प को जान सकेंगे। **विशेष** - अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र देश-विदेश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( मध्यकालीन कविता - 1 )

पाठ्यविषय :-

1. कबीरदास : कबीर ग्रंथावली, संपा, श्यामसुंदर दास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
   साखी : गुरुदेव को अंग - 1-15 दोहे, सुमिरण को अंग - 1-15 दोहे, विरह को अंग - 1-15 दोहे।
2. सूरदास : सूरसागर सार, सं. धीरेन्द्र वर्मा, साहित्यभवन लिमिटेड, इलाहाबाद
   विनय के पद : 1 से 15 तक, राधा - कृष्ण : 1-15 पद तक।
3. तुलसीदास : विनयपत्रिका, गीताप्रेस, गोरखपुर
   छंद संख्या : 1 से 25 तक।
4. मीराबाई : मीराबाई की पदावली, सं. परशुराम चतुर्वेदी, हिंदी साहित्य सम्मलेन, प्रयाग
   आरंभिक 25 पद।

संदर्भ ग्रंथ :

1. मीरा का काव्य, विश्वनाथ त्रिपाठी, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
2. मीरा ग्रंथावली, कल्याण सिंह शेखावत, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
3. कबीर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
4. भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य, मैनेजर पांडेय, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
5. गोस्वामी तुलसीदास, रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
6. तुलसीदास, माताप्रसाद गुप्त, हिंदी परिषद्, इलाहाबाद।
7. मध्ययुगीन हिंदी संत साहित्य और रवींद्रनाथ, रामेश्वर मिश्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
8. मीराबाई, डॉ. कृष्णदेव झारी, शारदा प्रकाशन, महरौली, नई दिल्ली।
9. त्रिवेणी, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
10. सूरदास, ब्रजेश्वर वर्मा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
11. पूरा कबीर : सं. बलदेव वंशी, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली।
12. . वैदहि ओखद जाणे: मीरा और पश्चिमी ज्ञान-मीमांसा, माधव हाड़ा, राजकमल, नई दिल्ली।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 3
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 2 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी साहित्य इतिहास के आधुनिककाल की महत्त्वपूर्ण विशेषता को जान सकेंगे। (ख) आधुनिककाल से सम्बधित काव्य विषयों के साथ-साथ गद्य विधाओं की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को जान सकेंगे।* ***विशेष*** *- अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र देश-विदेश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी साहित्य का इतिहास : आधुनिककाल )

पाठ्यविषय :-

1. आधुनिक काल के उदय की पृष्ठभूमि।
   (क) भारतेंदु युग : सामान्य परिचय एवं प्रवृत्तियाँ ।
   (ख) द्विवेदी युग : सामान्य परिचय एवं प्रवृत्तियाँ ।
2. छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता, साठोत्तरी कविता, समकालीन कविता।
3. कथा - साहित्य : हिंदी कहानी और हिंदी उपन्यास का विकास।
4. नाटक, एकांकी, आलोचना, निबंध, रेखाचित्र, संस्मरण, यात्रा साहित्य, रिपोर्ताज, पत्र-साहित्य, आत्मकथा और जीवनी आदि का इतिहास।
   (**कवि / लेखक-परिचय से सम्बधित प्रश्न नहीं पूछे जाएँगे**)।

संदर्भ ग्रंथ :

1. हिंदी साहित्य का इतिहास, रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
2. हिंदी साहित्य का इतिहास, सं. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
3. हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास, बच्चन सिंह, लोकभारती, इलाहाबाद।
5. हिंदी का गद्य साहित्य, डॉ. रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
6. महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
7. समकालीन कविता : सम्प्रेषण का संकट, परमानंद श्रीवास्तव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. आलोचना के सौ बरस, सं. अरविन्द त्रिपाठी, शिल्पायन, दिल्ली।
9. हिंदी नाटक, बच्चन सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
10. आधुनिक भारतीय नाट्य-विमर्श, जयदेव तनेजा, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
11. हिंदी का कथेतर गद्य : परंपरा और प्रयोग, दयानिधि मिश्र (संपा), वाणी प्रकाशन, दिल्ली।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 4
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 2 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी साहित्य के एक विशेष कालखंड छायावाद से संबंधित कवियों और उनकी काव्य विशेषताओं को समझ सकेंगे। (ख) छायावादयुगीन काव्य के महत्त्व से परिचित हो सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( आधुनिक हिंदी कविता - 1 )

पाठ्यविषय :-

1. जयशंकर प्रसाद : लहर से 5 कविताएँ :
   बीती विभावरी जाग री, अशोक की चिंता, शेरसिंह का शस्त्र समर्पण, प्रलय की छाया, उठ-उठ री लघु-लघु लोल लहर।
2. सुमित्रानंदन पंत : 5 कविताएँ : आधुनिक कवि : सुमित्रानंदन पंत :
   प्रथम रश्मि, भारत माता, गीत विहग, बापू, यह धरती कितना देती है।
3. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला : 5 कविताएँ : राग-विराग, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद,
   कविता संख्या : 8,9,49,63,109।
4. महादेवी वर्मा : 5 कविताएँ : आधुनिक कवि : महादेवी वर्मा :
   कविता संख्या : 9,36,37,48,49।

संदर्भ ग्रंथ :

1. निराला की साहित्य-साधना, डॉ. रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
2. महादेवी, इंद्रनाथ मदान, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
3. प्रसाद का काव्य, डॉ. प्रेमशंकर, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. काव्य का देवता, निराला, विश्वंभर मानव, लोकभारती प्रकाशन।
5. छायावाद, नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
6. सुमित्रानंदन पंत, डॉ. नगेंद्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
7. निराला : आत्महंता आस्था, दूधनाथ सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
8. पंत : काव्य, कला और दर्शन, सुधा सक्सेना, आत्माराम एंड संस, दिल्ली।
9. महादेवी, दूधनाथ सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. पन्त, प्रसाद और निराला, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती, इलाहाबाद।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 5
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 3 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगें - (क) छायावादोत्तर काल से सम्बधित महत्त्वपूर्ण कवियों और उनकी काव्य विशेषताओं को जान सकेंगे। (ख) छायावादोत्तर काल के काव्य का महत्त्व से परिचित हो सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर वह विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( आधुनिक हिंदी कविता - 2 )

पाठ्यविषय :-

1. उत्तर छायावाद:
   - क) दिनकर : कुरुक्षेत्र (छठा सर्ग)।
   - ख) भवानी प्रसाद मिश्र : प्रतिनिधि कविताएँ : गीत फरोश, सतपुड़ा के घने जंगल, गाँव।
2. प्रगतिवाद
   - क) नागार्जुन : प्रतिनिधि कविताएँ : बादल को घिरते देखा है, हरिजन गाथा, अकाल और उसके बाद।
   - ख) केदारनाथ अग्रवाल : प्रतिनिधि कविताएँ : चंद्रगहना से लौटती बेर, धरती, ज़िंदगी।
3. प्रयोगवाद/नयी कविता
   - क) अज्ञेय : प्रतिनिधि कविताएँ : कलगी बाजरे की, नदी के द्वीप, यह दीप अकेला।
   - ख) मुक्तिबोध : प्रतिनिधि कविताएँ : मुझे कदम कदम पर, सहर्ष स्वीकारा है, भूल गलती।
4. प्रयोगवाद/नयी कविता
   - क) शमशेर : प्रतिनिधि कविताएँ : एक पीली शाम, चूका भी हूँ मैं नहीं, बात बोलेगी।
   - ख) सर्वेश्वर : प्रतिनिधि कविताएँ : पत्नी की मृत्यु पर, सूखा, भेड़िया - 3।

संदर्भ ग्रंथ :


1. रामधारी सिंह दिनकर, विजयेंद्र नारायण सिंह, साहित्य अकादेमी, दिल्ली।
2. नागार्जुन की कविता, अजय तिवारी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. सर्वेश्वर और उनकी कविता, कृष्णदत्त पालीवाल, लिपि प्रकाशन, दिल्ली।
4. अज्ञेय की कविता : एक मूल्यांकन, चंद्रकांत वांदिवडेकर, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद।
5. कविता के नए प्रतिमान, डॉ. नामवर सिंह, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
6. नयी कविता और अस्तित्ववाद, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
7. दिनकर के काव्य में इतिहास एवं राजनीति, सुभाष चंद्र राय, गौरव प्रकाशन, दिल्ली।
8. अज्ञेय का कवि - कर्म, रमेशचंद्र शाह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
9. भवानी प्रसाद मिश्र का काव्य संसार, कृष्णदत्त पालीवाल, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. केदारनाथ अग्रवाल में लोक जीवन के रंग, सुनील कुमार दुबे, परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद।
11. साहित्य और जीवन विवेक, मुक्तेश्वर नाथ तिवारी, आनंद प्रकाशन, कोलकाता।
12. कवियों के कवि शमशेर, रंजना अरगड़े, बहादुर सिंह, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 6
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 3 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख सिद्धांत और स्थापनाओं से परिचित होंगे। (ख) रस, अलंकार, छंद के महत्त्व से परिचित हो सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर के विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( भारतीय काव्यशास्त्र )

पाठ्यविषय :-

1. काव्य - लक्षण, काव्य-हेतु, काव्य-प्रयोजन, काव्य के प्रकार-श्रव्य, दृश्य, चंपू।
2. शब्द-शक्ति, काव्य-गुण, काव्य-दोष।
3. रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति और औचित्य सिद्धांतों का सामान्य परिचय।
4. 10 प्रमुख काव्यालंकार और 10 छंद।
   **अलंकार :** अनुप्रास, वक्रोक्ति, यमक, श्लेष, उत्प्रेक्षा, उपमा, रूपक, विशेषोक्ति, विरोधाभास, अपह्नुति।
   **छंद :** चौपाई, दोहा, रोला, सोरठा, त्रोटक, हरिगीतिका, छप्पय, सवैया, कुण्डलिया, बरवै।

संदर्भ ग्रंथ :

1. भारतीय काव्यशास्त्र, बलदेव उपाध्याय, चौखंभा प्रकाशन, दिल्ली।
2. काव्य के तत्व, देवेंद्रनाथ शर्मा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. काव्यशास्त्र, भगीरथ मिश्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
4. अलंकार मुक्तावली, देवेंद्रनाथ शर्मा, भारती भवन, पटना।
5. काव्यशास्त्र चर्चा, देवकीनंदन श्रीवास्तव, सुलभ प्रकाशन, लखनऊ।
6. हिंदी छंद प्रकाश, रघुनंदन शास्त्री, राजपाल एंड संस, दिल्ली।
7. हिंदी छंदोलक्षण, नारायण दास, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. भारतीय काव्यशास्त्र, योगेंद्र प्रताप सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
9. भारतीय काव्यशास्त्र, विश्वंभरनाथ उपाध्याय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. भारतीय काव्यशास्त्र, तारकनाथ बाली, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।

# MAJOR

## PAPER (पत्र) – 7

## बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 4 | क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 100

*इस पाठ के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी कहानी की विकास यात्रा से परिचित होंगे। (ख) हिंदी की कुछ विशेष कहानियों के बारे में उनकी विशेषता सहित जान सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर के विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी कहानी )

पाठ्यविषय :-

1. हिंदी कहानी का संक्षिप्त इतिहास, कहानी: टोकरी भर मिट्टी - माधव राव सप्रे, उसने कहा था - चंद्रधर शर्मा गुलेरी, पूस की रात - प्रेमचंद, पुरस्कार - जयशंकर प्रसाद।
2. पत्नी - जैनेंद्र कुमार, रोज - अज्ञेय, तीसरी कसम - फणीश्वरनाथ रेणु, दोपहर का भोजन – अमरकांत।
3. परिंदे - निर्मल वर्मा, टूटना - राजेंद्र यादव, खोई हुयी दिशाएँ - कमलेश्वर, भोलाराम का जीव - हरिशंकर परसाई।
4. सिक्का बदल गया- कृष्णा सोबती, अपना रास्ता लो बाबा - काशीनाथ सिंह, तिरिछ - उदय प्रकाश, तिरिया-चरित्तर - शिवमूर्ति।

संदर्भ ग्रंथ :

1. हिंदी कहानी का विकास, मधुरेश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. कहानीकार प्रेमचंद : रचना दृष्टि और रचना शिल्प, शिवकुमार मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. कहानी : नयी कहानी, नामवर सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. कुछ कहानियाँ : कुछ विचार, विश्वनाथ त्रिपाठी।
5. नई कहानी : संदर्भ एवं प्रकृति, देवीशंकर अवस्थी।
6. हिंदी कहानी का इतिहास, गोपाल राय, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. हिंदी कहानियों की शिल्प विधि का विकास, लक्ष्मीनारायण लाल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. कहानी : प्रकृति और पाठ, सुरेंद्र चौधरी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
9. कहानी की अर्थान्वेषी आलोचना, पांडेय शशिभूषण शीतांशु, लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज।
10. हिंदी कहानी का पहला दशक, भवदेव पाण्डेय, रेमाधव पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
11. हिंदी कहानी अंतर्वस्तु का शिल्प, राहुल सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
12. कहानी समय, कृष्णा मोहन, शिल्पायन, नई दिल्ली।

# MAJOR

# PAPER (पत्र) – 8
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 4 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पाठ के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी भाषा की विकास यात्रा को जान सकेंगे। (ख) देवनागरी लिपि के इतिहास और उसकी विशेषता को जान सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग करके छात्र विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी भाषा एवं लिपि )

पाठ्यविषय :-

1. (क) हिंदी की उत्पत्ति, पुरानी हिंदी, अपभ्रंश, अवहट्ठ।
   (ख) हिंदी का भौगोलिक क्षेत्र एवं बोलियाँ, पूर्वी हिंदी और पश्चिमी हिंदी।
2. हिंदी की ध्वनि : संरचना, रूप-संरचना एवं वाक्य-संरचना।
3. हिंदी का शब्द भंडार : तत्सम, तद्भव, देशज, आगत शब्दावली।
4. देवनागरी लिपि : इतिहास, मानकीकरण, वैज्ञानिकता, विशेषताएँ।

संदर्भ ग्रंथ :

1. भारतीय आर्यभाषा और हिंदी, सुनीति कुमार चटर्जी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
2. हिंदी भाषा का इतिहास, धीरेंद्र वर्मा, हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयाग।
3. हिंदी भाषा का उद्भ्रम और विकास, उदयनारायण तिवारी, भारती भंडार, प्रयाग।
4. हिंदी भाषा, हरदेव बाहरी, अभिव्यक्ति प्रकाशन, इलाहाबाद।
5. हिंदी भाषा, भोलानाथ तिवारी, किताब महल, इलाहाबाद।
6. नागरी लिपि और हिंदी वर्तनी, अनंतलाल चौधरी, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादेमी, पटना।
7. हिंदी भाषा की संरचना, भोलानाथ तिवारी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. हिंदी भाषा का इतिहास, भोलानाथ तिवारी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
9. भारतीय लिपियों की कहानी, गुणाकर मुले, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. भाषा विज्ञान रसायन, कैलाशनाथ पांडेय, गाजीपुर साहित्य संवाद, गाजीपुर।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 9
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 4 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पाठ के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी के चार प्रमुख उपन्यासों के माध्यम से रचनाकार के मंतव्य और वर्णित समाज का सच जान सकेंगे। (ख) रचनाकार के उद्देश्य से परिचित हो सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर के छात्र विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी उपन्यास )

पाठ्यविषय :-

1. गबन : प्रेमचंद
2. अनामदास का पोथा : हजारीप्रसाद द्विवेदी
3. दिव्या : यशपाल
4. महाभोज : मन्नू भण्डारी

संदर्भ ग्रंथ :

1. प्रेमचंद, रामविलास शर्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. हिंदी उपन्यास का इतिहास, गोपाल राय, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. हिंदी उपन्यास का विकास, मधुरेश, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. हिंदी का गद्य साहित्य, रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
5. यशपाल : पुनर्मूल्यांकन, कुँवरपाल सिंह, शिल्पायन, दिल्ली।
6. दिव्या : इतिहास, संस्कृति और नारी विमर्श, नमिता सिंह, शिल्पायन, दिल्ली।
7. हिंदी उपन्यास : एक विस्तृत अध्ययन, सं. जगदीश भगत, आनंद प्रकाशन, कोलकाता।
8. क्रान्तिकारी यशपाल : एक समर्पित व्यक्तित्व, मधुरेश, लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली।
9. उपन्यास की समकालीनता, ज्योतिष जोशी, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
10. हजारीप्रसाद द्विवेदी समग्र पुनरावलोकन, चौथीराम यादव, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।

# MAJOR

## PAPER (पत्र) – 10

## बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 4 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) छात्रों के अन्दर सृजनात्मक प्रतिभा का विकास होगा (ख) छात्र हिंदी के श्रेष्ठ निबंधों के कुछ हिस्सों से परिचित हो सकेंगे। **विशेष -** अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी निबंध )

पाठ्यविषय :-

1. रामचंद्र शुक्ल : चिंतामणि - भाग 1
   भाव या मनोविकार, श्रद्धाभक्ति, क्रोध, भय, उत्साह।
2. हजारीप्रसाद द्विवेदी : कल्पलता
   नाख़ून क्यों बढ़ते हैं, आम फिर बौरा गये, शिरीष के फूल, मनुष्य की सर्वोत्तम कृति : साहित्य, आन्तरिक शुचिता भी आवश्यक है।
3. विद्यानिवास मिश्र : मेरे राम का मुकुट भींग रहा है
   आरंभिक 5 निबंध।
4. कृष्ण बिहारी मिश्र : अराजक उल्लास
   बेहया का जंगल और नयी - नयी घेरान, अराजक उल्लास, खोइंचा गमकत जाई, पिंजरे में बंद बनैली आवाज, मकान उठ रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ :

1. हिंदी का गद्य साहित्य, रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
2. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
3. रामचंद्र शुक्ल, मलयज, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
4. हिंदी निबंध और निबंधकार, रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
5. हिंदी ललित निबंध : स्वरूप विवेचन, वेदवती राठी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. शान्तिनिकेतन से शिवालिक, संपा. शिवप्रसाद सिंह, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
7. व्योमकेश दरवेश, विश्वनाथ त्रिपाठी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
8. अराजक उल्लास, कृष्ण बिहारी मिश्र, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
9. गाँव की कलम,

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 11
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 5 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) पाश्चात्य काव्यशास्त्र के प्रमुख सिद्धांतों से परिचित हो सकेंगे। (ख) साहित्य को समझने में सिद्धांतों का उपयोग कर सकेंगे।* ***विशेष*** *- अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( पाश्चात्य काव्यशास्त्र )

पाठ्यविषय : -

1. प्लेटो, अरस्तू (अनुकरण, विरेचन)
2. होरेस, लोंजाइनस के सिद्धांतों का सामान्य परिचय
3. वड्र्सवर्थ, मैथ्यू आर्नल्ड के सिद्धांतों का सामान्य परिचय
4. टी. एस. इलिएट, आई. ए. रिचड्र्स के साहित्य सिद्धांतों का सामान्य परिचय

संदर्भ ग्रंथ :

1. पाश्चात्य काव्यशास्त्र, देवेंद्रनाथ शर्मा, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
2. पाश्चात्य समीक्षा दर्शन, जगदीशचंद्र जैन, हिंदी प्रचारक संस्थान, वाराणसी।
3. पाश्चात्य साहित्य चिंतन, निर्मला जैन, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली।
4. आलोचक और आलोचना, बच्चन सिंह, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
5. पाश्चात्य काव्यशास्त्र, भगीरथ मिश्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
6. भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र का तुलनात्मक अध्ययन, बच्चन सिंह, हरियाणा ग्रंथ अकादेमी, चंडीगढ़।
7. पाश्चात्य काव्यशास्त्र, तारकनाथ बाली, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
8. पाश्चात्य काव्यशास्त्र : नई प्रवृतियाँ, राजनाथ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 12
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 5 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी के प्रमुख नाटकों से परिचित हो सकेंगे। (ख) पठित नाटकों के उद्देश्य जान सकेंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी नाटक )

पाठ्यविषय :-

1. ध्रुवस्वामिनी : जयशंकर प्रसाद
2. आषाढ़ का एक दिन : मोहन राकेश
3. माधवी : भीष्म साहनी
4. कोर्ट मार्शल : स्वदेश दीपक
5. जिस लाहौर नइ वेख्या : असगर वजाहत

संदर्भ ग्रंथ :

1. हिंदी नाटक, बच्चन सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहबाद।
2. हिंदी नाटक, उद्भव और विकास, डॉ. दशरथ ओझा, राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली।
3. हिंदी नाटक और रंगमंच, सं. राजमल बोरा, पंचशील प्रकाशन, जयपुर।
4. प्रसाद के नाटक, डॉ. सिद्धनाथ कुमार, अनुपम प्रकाशन, पटना।
5. हिंदी नाटक : रंगशिल्प दर्शन, विकल गौतम, वाणी, नई दिल्ली।
6. प्रसादोत्तर कालीन नाटक, भूपेंद्र कलसी, लोकभारती, इलाहाबाद
7. मोहन राकेश और उनके नाटक, गिरीश रस्तोगी, लोकभारती, इलाहाबाद

# MAJOR
# PAPER (पत्र)– 13
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 5 | क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे | पूर्णांक : 100

*इस पाठ के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी पत्रकरिता का इतिहास जान सकेंगे। (ख) हिंदी पत्रकारिता के महत्त्व और उससे होने वाले लाभ से परिचित होंगे।* ***विशेष -*** *अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता )

पाठ्यविषय :-

1. पत्रकारिता : आशय एवं आवश्यकता, भारतेंदुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता : परिचय एवं प्रवृतियाँ।
2. द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता : परिचय एवं प्रवृतियाँ।
3. प्रेमचंद और प्रेमचंदोत्तर साहित्यिक पत्रकारिता : परिचय एवं प्रवृतियाँ।
4. (क) स्वतंत्रता संघर्ष एवं हिंदी पत्रकारिता।
   (ख) स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता : परिचय एवं प्रवृतियाँ।
   (ग) हिंदी की महत्त्वपूर्ण पत्र - पत्रिकाएँ : बनारस अख़बार, भारत मित्र, हिंदी प्रदीप, हिंदोस्थान, आज, हंस, सारिका, कल्पना, विशाल भारत, धर्मयुग, आदिवासी, जनसत्ता।

संदर्भ ग्रंथ :

1. हिंदी पत्रकारिता, कृष्ण बिहारी मिश्र, ज्ञानपीठ, नई दिल्ली।
2. आधुनिक पत्रकारिता, अर्जुन तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
3. पत्रकारिता के विविध संदर्भ, डॉ. वंशीधर लाल, अनुपम प्रकाशन, पटना।
4. पत्रकारिता के परिप्रेक्ष्य, जगदीशप्रसाद चतुर्वेदी, साहित्य संगम, इलाहाबाद।
5. हिंदी पत्रकारिता और गद्यशैली का विकास, डॉ. गंगानारायण त्रिपाठी, शांति प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. हिंदी पत्रकारिता, कृष्णबिहारी मिश्र, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली।
7. समाचारपत्रों का इतिहास, पं. अंबिका प्रसाद बाजपेयी, ज्ञानमंडल, वाराणसी।
8. हिंदी पत्रकारिता, वेद प्रकात वैदिक, हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली।
9. हिंदी पत्रकारिता समकालीन विमर्श, सिद्धेश्वर कश्यप, बिहार ग्रन्थ अकादमी, पटना।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 14
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 6 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) हिंदी भाषा के कार्यालयी उपयोग को जान सकेंगे (ख) हिंदी भाषा के व्यवसायिक रूप को पहचान सकेंगे। **विशेष** - अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( प्रयोजनमूलक हिंदी )

पाठ्यविषय :-

1. प्रयोजनमूलक हिंदी : अभिप्राय, परिभाषा, हिंदी के विविध रूप, राष्ट्रभाषा, राजभाषा, संपर्क भाषा, संचारभाषा।
2. हिंदी की संवैधानिक स्थिति, राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग - समस्याएँ और सुझाव।
3. कार्यालयी प्रयोग में हिंदी :
   क) सरकारी पत्र, अर्द्ध सरकारी पत्र, आदेश, निविदा, विज्ञापन, टिप्पण एवं प्रारूपण।
   ख) पारिभाषिक शब्दावली : निर्माण की प्रक्रिया, समस्याएँ एवं अनुप्रयोग।
4. प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद : अनुवाद के सिद्धांत और प्रकार।

संदर्भ ग्रंथ :

1. प्रयोजनमूलक हिंदी, रवींद्रनाथ श्रीवास्तव, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा।
2. प्रयोजनमूलक हिंदी, विजयपाल सिंह, हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली।
3. प्रयोजनमूलक हिंदी,  डॉ. दिनेश प्रसाद सिंह, मोतीलाल बनारसीदास, पटना।
4. प्रयोजनमूलक हिंदी : सिद्धांत और प्रयोग, दंगल झाल्टे, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।
5. राजभाषा हिंदी, कैलाशचंद्र भाटिया, हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली।
6. बोलचाल की हिंदी और संचार, मधु धवन, वाणी प्रकाशन, दिल्ली।

# MAJOR
## PAPER (पत्र) – 15
## बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 6 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) रीतिकाल के महत्त्वपूर्ण कवियों की कविताओं को रसास्वादन कर सकेंगे। (ख) काव्यों की भाषा, शिल्प और शैली से परिचित हो सकेंगे।* ***विशेष*** *- अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र देश-विदेश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( मध्यकालीन कविता - 2 )

पाठ्यविषय :-

1. देव : देव की दीपशिखा, विद्यानिवास मिश्र, वाणी प्रकाशन।
(प्रारंभ से 20 छंद)
2. केशवदास : केशव ग्रंथावली,खंड 2, संपा. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, हिंदुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद।
रामचंद्रिका, अध्याय 1 से 3 तक
3. रसखान : रसखान ग्रंथावली, विद्यानिवास मिश्र, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
रसखान के 20 सवैये
4. घनानंद : घनानंद कवित्त, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, संजय बुक सेंटर, वाराणसी।
(छंद 51 से 70)
5. बिहारी : बिहारी रत्नाकर, जगन्नाथ प्रसाद रत्नाकर।
(दोहा संख्या 101 से 140)

संदर्भ ग्रंथ:

1. बिहारी का नया मूल्यांकन, बच्चन सिंह, लोकभारती, इलाहबाद।
2. देव और उनकी कविता, नगेंद्र, नेशनल पब्लिशिंग हॉउस, नयी दिल्ली।
3. केशव का आचार्यत्व, विजयपाल सिंह, नेशनल पब्लिशिंग हॉउस, नयी दिल्ली।
4. केशव की काव्य कला, कृष्णशंकर शुक्ल, सुलभ पुस्तकमाला कार्यालय, बनारस।
5. हिंदी साहित्य का उत्तर मध्यकाल : रीतिकाल, महेंद्र कुमार, आर्य बुक डिपो, दिल्ली।
6. घनानंद और स्वछंद काव्यधारा, मनोहर लाल गौड़, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
7. घनानंद, लल्लन राय, साहित्य अकादमी, दिल्ली।

# MAJOR
# PAPER (पत्र) – 16
# बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी

सेमेस्टर : 6 क्रेडिट : 4

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

*इस पत्र के अध्ययन के उपरांत छात्र जान सकेंगे - (क) वर्त्तमान समय के प्रमुख अस्मितामूलक विमर्श से परिचित हो सकेंगे। (ख) कुछ प्रमुख रचनाकारों की रचनाओं का विश्लेषण कर सकेंगे।* ***विशेष*** *- अध्ययन के उपरांत प्राप्त जानकारी का उपयोग कर छात्र देश-विदेश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकेंगे।*

( अस्मितामूलक विमर्श )

पाठ्यविषय :-

1. अस्मितामूलक विमर्श : अस्मिता की अवधारणा, अस्मिता - स्वरूप और प्रकृति, अस्मितामूलक विमर्श का सौंदर्यशास्त्र।
2. दलित विमर्श : जूठन - खंड1, ओमप्रकाश वाल्मीकि।
3. स्त्री-विमर्श : चाक - मैत्रेयी पुष्पा।
